तापमान

अधिकतम 42 .3 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 16 मई, 2025

10 ककरोई रोड के पुनर्निर्माण को मिली हरी झंडी




11 सेना के शौर्य के सम्मान में तिरंगा यात्रा उमड़ा सोनीपत



## अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी से सामान चोरी

**गन्नौर।** अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। मंडी में काम कर रही किब्रि स्टील बिल्डिंग स्ट्रक्चर प्रा. लि. में सहायक प्रबंधक ने थाना बड़ी में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में प्रदुम्न ने बताया कि पिछले एक महीने से उनकी कंपनी का सामान लगातार चोरी हो रहा है। 14 मई को जब वह साइट पर पहुंचे तो देखा कि जहां सामान रखा था, वहां से फास्टनर के कई पैकेट गायब मिले। उन्होंने आशंका जताई कि अन्य लोहे के सामान भी चोरी हो चुका है। प्रदुम्न ने बताया कि मंडी में काम कर रही दूसरी कंपनियों का भी सामान चोरी हुआ है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




दो पर गोलियां बरसाई

## जटवाड़ा में युवक का मर्डर, दूसरा घायल



सोनीपत। घटनास्थल पर जांच में जुटी पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर थाना क्षेत्र के गांव जटवाड़ा में गोलीकांड की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जिसमें दो लोगों को गोली मारी गई। गंभीर रूप से घायल दोनों को इलाज के लिए सोनीपत के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा खतरे से बाहर बताया जा रहा है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घायल युग को नागरिक अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। युवकों की पहचान राहुल निवासी साबुन दरवाजा, कामी रोड और सुरजीत निवासी कुम्हार मोहल्ला के रूप में हुई है।

### एक को कंधे में लगी गोली

दोनों युवकों को गंभीर हालत में तत्काल सरकारी अस्पताल, सोनीपत में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार, राहुल के सीने में गोली लगी थी, जिसकी वजह से इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं सुरजीत को दाहिने कंधे पर गोली लगी है।

### पुलिस जांच में जुटी, जल्द हो सकता है खुलासा

फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है कि गोलीकांड के पीछे कारण क्या है, आपसी रंजिश, गैंगवार या कोई अन्य विवाद। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा और आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।






## खबर संक्षेप

### गोकशी के लिए ले जाए जा रहे बैल को छुड़ाकर नंदीशाला भेजा

**खरखौदा।** रोहतक से खरखौदा की तरफ आ रही एक पिकअप गाड़ी में से युवकों ने एक बैल पकड़ा है। आरोप है कि उसे गोकशी के लिए लेकर जाया जा रहा था। शिकायत पर पुलिस ने बैल को खरखौदा की नंदीशाला में छुड़वाया और मामले में पशु क्रुरता अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। सिसाना-1 केशव का कहना है कि उसे सूचना मिली थी कि रोहतक की तरफ से एक पिकअप सिसाना की तरफ आ रही है। जिसमें गोकशी के लिए एक बैल को लेकर जाया जा रहा है। सूचना पाकर उसने 112 पर इसकी जानकारी दी और रोहतक की तरफ से आ रहे पिकअप को रुकवा लिया। पुलिस ने पिकअप को पकड़कर उसमें ने बैल को उतारकर नंदीशाला खरखौदा में पहुंचाया और पिकअप चालक विशाल पर केस दर्ज कर लिया।

### गांव गोपालपुर का बुजुर्ग लापता, तलाश जारी

**खरखौदा।** गोपालपुर से एक बुजुर्ग संदिग्ध हालत में लापता हो गए हैं। जिनकी चहुंओर तलाश की गई, लेकिन परिवार को उनके बारे में कहीं पता नहीं चल सका। जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी गई है। गोपालपुर के रहने वाले संजय का कहना है कि उसके पिता जीतराम 61 वर्ष के हैं, जोकि 29 अप्रैल को घर से खरखौदा जाने की बात कहकर निकलने थे, लेकिन वह अब तक वापस नहीं लौटे हैं। वह अपने स्तर पर उनकी हर जगह पर तलाश कर चुके हैं, लेकिन जब उनके बारे में कहीं पर भी पता नहीं चला तो अब मामले की शिकायत पुलिस को दी गई है।

### व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने चपेट में लिया, मौत

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र के केएमपी जीरो प्वाइंट के नजदीक सड़क हादसे में एक मंदबुद्धि व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर मृतक की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए है। गांव छतेहरा निवासी अंकुश ने पुलिस को सूचना दी कि 13 मई की रात करीब 11:30 बजे एक अज्ञात वाहन ने मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस से रोहतक पीजीआई भिजवाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### ट्रक ने ट्रांसफार्मर को मारी टक्कर

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के देवडू बाईपास पर क्रिकेट स्टेडियम के सामने एक ट्रक ने बिजली निगम के एच-पोल, ट्रांसफार्मर और टावर को टक्कर मार दी, जिससे आसपास की दो कालोनियों की बिजली आपूर्ति कई घंटे तक बाधित हो गई। हालांकि बिजली कर्मियों ने दिन के समय बिजली आपूर्ति को सामान्य कर दिया था। बिजली निगम के एसडीओ ने सेक्टर-27 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 मई की रात करीब 1:30 बजे एक ट्रक ने तेज गति में आकर एच-पोल, 25 केवीए ट्रांसफार्मर, लोहे के टावर और करीब 600 मीटर तार को क्षतिग्रस्त कर दिया है। एसडीओ ने मांग की है कि ट्रक चालक से निगम के नुकसान की भरपाई करवाई जाए।

### सड़क पर खड़े दो ट्रकों के पार्ट चोरी

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में सर्विस रोड पर खड़े दो ट्रकों के पार्ट चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ट्रक चालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। धोलपुर राजस्थान निवासी विक्की सिंह ने बताया कि वह चालक की नौकरी करता है। गत 13 मई को अपना ट्रक लेकर राई में आया था। ट्रक को खाली करके बहालगढ़ चौक के पास सर्विस रोड पर खड़ा कर दिया। उसके साथ ही चालक करण सिंह ने अपना ट्रक खड़ा कर दिया। रात को दोनों सो गए। सुबह ट्रकों को स्टार्ट किया, लेकिन दोनों ट्रक स्टार्ट नहीं हुए। जब चेक किया तो ट्रकों से एसीएम गायब मिले। पार्ट की तलाश की, लेकिन सुराग हाथ नहीं लगा।

---

### नगर निगम ने लोक निर्माण विभाग को सड़क बनाने का काम सौंपा

# 15 साल से जूझ रहे ग्रामीणों को मिलेगी राहत ककरोई रोड के पुनर्निर्माण को मिली हरी झंडी

- लगभग 1200 मीटर लंबी है सड़क, टूटा पड़ा रोड बन रहा परेशानी का सबब
- नगर निगम में हुई बैठक के दौरान दोबारा बनाने पर लगाई मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पिछले 15 वर्षों से जर्जर हालत में पड़ी सोनीपत–ककरोई रोड के पुनर्निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। नगर निगम ने इस सड़क के पुनर्निर्माण का जिम्मा लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को सौंपने की औपचारिक सहमति दे दी है। लगभग 1200 मीटर लंबी इस सड़क को जल्द ही पीडब्ल्यूडी द्वारा नगर निगम को हस्तांतरित किया जाएगा, जिसके बाद इसके निर्माण कार्य में तेजी आएगी।

इस निर्णय पर मुहर नगर निगम के आयुक्त कार्यालय में हुई बैठक में लगी, जिसमें नगर निगम मेयर राजीव जैन, आयुक्त हर्षित कुमार, कार्यकारी अभियंता विशाल गर्ग, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता मनोज भोला और कार्यकारी अभियंता प्रशांत कुमार मौजूद रहे। बैठक में यह तय किया गया कि सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से को पूरी तरह दुरुस्त कर नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। गौरतलब है कि यह सड़क लंबे समय से बदहाल स्थिति में थी और जिला कष्ट एवं शिकायत निवारण कमेटी की हर बैठक में इसका मुद्दा प्रमुखता से उठता रहा है। इस मार्ग पर ककरोई, भदाना, खेड़ी दहिया, सेहरी सहित 20 से अधिक गांवों के नागरिकों की रोजाना आवाजाही होती है, जिन्हें परेशानी हो रही थी।



सोनीपत। बैठक करते हुए मेयर राजीव जैन एवं अधिकारीगण।

#### नाराज थे ग्रामीण

सड़क बनाने के निर्णय से ककरोई, भदाना, खेड़ी दहिया, सेहरी आदि गांवों के हजारों ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी, जो लंबे समय से प्रशासन से गुहार लगाते-लगाते थक चुके थे। सड़क की खराब हालत को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी थी, लेकिन अब उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें एक मजबूत और टिकाऊ सड़क सुविधा मिल सकेगी।

#### सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट है बड़ा कारण

सड़क की दुर्दशा का एक बड़ा कारण 2013 में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा 30 एमएलडी क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण रहा, जिसमें सीवरेज लाइन बार-बार खराब होने से सड़क को कई बार खोदना पड़ा। नगर निगम द्वारा सड़क की मरम्मत के लिए पूर्व में 40 लाख रुपये भी जमा करवाए गए थे, लेकिन बार-बार टेंडर जारी होने के बावजूद कोई ठेकेदार काम के लिए आगे नहीं आया।

#### डेढ़ करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे

अब निगम द्वारा तैयार किए गए नए एस्टीमेट के अनुसार, करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से सड़क का पुर्निर्माण किया जाएगा। योजना के तहत सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से में नीचे रोड़ी बिछाकर मजबूत सीमेंटेड ब्लॉक लगाए जाएंगे ताकि भविष्य में बार-बार मरम्मत की आवश्यकता न पड़े। नगर निगम द्वारा तैयार केस को अब पीडब्ल्यूडी मुख्यालय भेजा जाएगा, जहां से स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

---

## होटल में छापा, पुलिस ने चलन में बंद हो चुके 17 लाख रुपये से ज्यादा के नोट बरामद किए



सोनीपत। गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राठधना रोड स्थित एक होटल में छापा डालकर वहां से युवक को साढ़े आठ साल पहले चलन में बंद हो चुके 500 व एक हजार के नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 1797500 रुपये मिले हैं। वह अपने दोस्त बागपत के गांव पावला निवासी प्रदीप के साथ मिलकर बैंक अधिकारी या एनआरआई की मदद से नोटों को बदलवाने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपित के साथी को काबू कर लिया। गिरफ्तार आरोपित सुरेश निवासी नई बस्ती दिल्ली व प्रदीप निवासी बागपत यूपी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुभाष चंद अपनी टीम में शामिल एसआई आशुराव व बबीता तथा अन्य के साथ राठधना रोड पर गश्त कर रहे थे। उन्हें सूचना मिली कि राठधना रोड स्थित होटल में एक युवक के पास पुरानी करेंसी के नोट है। पुरानी करेंसी के 500 व एक हजार के नोटों को 2016 में बंद किया जा चुका है। जिस पर पुलिस टीम ने तुरंत होटल में छापा डाला। जांच करने पर कमरे में सुरेश मिला। वहां कमरे के अंदर से बैग में 500 रुपये के 1895 नोट और 1000 रुपये के 850 नोट बरामद किए गए। यह कुल राशि 17,97,500 रुपये थी।

---

## खेलों इंडिया यूथ गेम्स : पटना में सोनीपत के बॉक्सरों ने जीते 3 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बिहार के पटना शहर में 10 मई, 2025 से 14 मई, 2025 तक खेलों इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के 3 बॉक्सरों ने खेलते हुए 1 रजत पदक व 2 कांस्य पदक जीते।

बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए भारत के सभी राज्यों से उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन किया गया जिसमें से लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के 3 बॉक्सरों का चयन हुआ। जिसमें 50 किलो भारवर्ग में खेलते हुए जतिन शर्मा ने रजत पदक, 50 किलो भारवर्ग में खेलते हुए तेजस खोखर ने कांस्य पदक व 55 किलो भारवर्ग में खेलते हुए जतिन सिंगरोहा ने कांस्य पदक जीता। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने जतिन शर्मा, तेजस खोखर व जतिन सिंगरोहा को बधाई दी व भविष्य में बेहतर खेल के लिए प्रेरित किया।



सोनीपत। पदक विजेता खिलाड़ी अपने पदक दिखाते हुए।

### डिलीवरी ब्वॉय से मारपीट मोबाइल व नकदी लूटी

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के खरखौदा-सोनीपत रोड पर नंदी गौशाला के पास चार युवकों ने एक डिलीवरी ब्वाय से लूट की वारदात को अंजाम दिया। लूटपाट करने आए बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। गांव सिरी बिहार हाल में न्यू कबीरपुर निवासी सुशील मिश्रा ने बताया कि वह किराए के मकान में रहता है और डिलीवरी ब्वॉय के रूप में कार्य करता है। गत 14 मई की रात करीब 10 बजे वह खरखौदा से सोनीपत आ रहा था, तभी रास्ते में बाइक सवार चार युवकों ने उसकी बाइक रुकवा ली। आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की और उसके पास से 15,800 रुपये नकद और मोबाइल छीनकर फरार हो गए।

---

## अनिकेत ने लखनऊ में लहराया परचम पदक जीतकर किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

लखनऊ, उत्तर प्रदेश में संपन्न हुई 13 वीं सीनियर नेशनल पेंचक सिलाट चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल, खरखौदा के खिलाड़ी अनिकेत ने 85 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। प्रताप स्कूल के एक अन्य प्रतिभाशाली खिलाड़ी गौतम ने 95 किग्रा भार वर्ग में प्रतियोगिता में भाग लेकर स्कूल का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता से लौटने पर स्कूल में दोनों खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या श्रीमती दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, कोच जगमेन्द्र पांचाल तथा अभिभावकों ने खिलाड़ियों का सम्मान किया। समारोह के दौरान ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि अनिकेत इससे पहले भी 3 बार नेशनल में पदक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन कर चुका है। डॉ. सुबोध दहिया व कोच जगमेन्द्र पांचाल ने बताया कि अब तक हमारे विद्यालय के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 2 व राष्ट्रीय स्तर पर 102 पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है।



खरखौदा। खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन व अभिभावक।

---

## शहर के लाल डोरा में रहने वाले लोगों को मिलेगा मालिकाना हक

- नगरपालिका में सर्टिफिकेट देने की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर के लाल डोरा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनकी जमीन का मालिकाना हक देने की प्रक्रिया नगर पालिका द्वारा शुरू कर दी गई है। नगर पालिका ने लाल डोरा के सभी भू मालिकों की लिस्ट अपने नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी है और पोर्टल पर अपलोड कर दी है। जिसे देख कर लोग अपनी प्रोपर्टी की जांच कर सकते हैं और अपनी प्रोपर्टी का लाल डोरा सर्टिफिकेट बनवा सकते हैं। अभी तक नगरपालिका द्वारा करीब 12 भू मालिकों को ये प्रमाण पत्र वितरित भी किए जा चुके हैं। शहर में 17 वार्डों में से विभिन्न वार्डों के करीब 1200 लोगों को ये प्रापर्टी सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। प्रापर्टी सर्टिफिकेट मिलने से लाल डोरा क्षेत्र में जमीनी विवाद खत्म हो जाएंगे और भू मालिक लोन लेने कई तरह के अन्य काम आसानी से कर सकेंगे।

लाल डोरा वासी अपने दावे-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि लाल डोरा क्षेत्र में रहने वाले लोग नगर पालिका आकर या फिर आनलाइन अपनी प्रापर्टी की जांच कर सकते हैं। इसके बाद जरूरी दस्तावेज दे कर अपना प्रोपर्टी सर्टिफिकेट बनवा सकते हैं।

---

## दिनदहाड़े मकान का ताला तोड़कर डेढ़ लाख रुपये और सोने की चेन चुराई



गन्नौर। घर में चोरी के बाद बिखरा हुआ सामान ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नगर पालिका के वार्ड 12 जैन गली में पुलिस स्टेशन के पीछे वीरवार की दोपहर बंद मकान का ताला तोड़कर चोर डेढ़ लाख रुपए की नकदी व सोने की चेन चोरी कर ले गए । मकान मालिक देवेंद्र कुमार ने चोरी की सूचना पुलिस को दी । सूचना मिलने के पास पुलिस ने मौके का मुआयना किया। पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक देवेंद्र कुमार ने बताया कि वीरवार की दोपहर बाद वह बाजार में सामान खरीदने गया था और उसकी पत्नी अपनी टेलरिंग की दुकान पर घर का ताला लगा कर मैन जैन गली में गई हुई थी । शिकायत में बताया कि जब उसकी पत्नी घर आई तो मकान का ताला टूटा हुआ और घर का सामान इधर-उधर भी खड़ा हुआ था । उसके बाद तलाश की तो पाया कि चोर ताला तोड़कर घर से डेढ़ लाख रुपए की नकदी व सोने की चेन चोरी कर ले गए । पुलिस को दी शिकायत में देवेंद्र कुमार ने चोरों का शीघ्र पता लगाने की मांग की । समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

---

## अनुप दहिया की पत्नी के निधन पर शोक जताने पहुंचीं सुनैना चौटाला



**खरखौदा।** इनेलो नेत्री सुनैना चौटाला गुरुवार शाम सिसाना पहुंची और सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी रहे द्रोणाचार्य अवार्डी एवं पूर्व पुलिस अधीक्षक अनूप दहिया की धर्मपत्नी मूर्ति देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया। साथ ही दिवंगत को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की। उन्होंने कहा कि ईश्वर दिवंगत दुःख की इस घड़ी में परिजनों को संबल प्रदान करें। इस अवसर पर इनेलो के जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत, महिला जिला अध्यक्ष, मनजीत फोगाट, अशोक राणा, भयराज दहिया, बलवान सिंह, राहुल आंतिल,अमन जोरावर, विजेंद्र शेखपुरा, अनिल मलिक ,साबर अली आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

### महिला आयोग चेयरपर्सन रेनू भाटिया पहुंचीं अशोक यूनिवर्सिटी, बोलीं

# केवल वर्दीधारी ही नहीं बल्कि आम बेटी के लिए भी गलत टिप्पणी बर्दाश्त नहीं करेंगे

- यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर ने सोशल साइट्स पर की थी महिला सेना अधिकारियों पर टिप्पणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महिला आयोग चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा है कि 12 मई को अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान को नोटिस भेजा गया था। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की मुख्य भूमिका निभाने वाली वर्दी धारी बेटियां, ऑफिसर और काबिल बेटी कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को लेकर टिप्पणी की थी, जोकि सही नहीं थी। रेनू भाटिया राई रेस्ट हाउस में पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रही थी। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं को लेकर इस प्रकार की टिप्पणी करना यह साबित करता है कि उनके मन में महिलाओं के प्रति कितना जहर भरा हुआ है। उन्होंने कहा है कि महिला आयोग इसको बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा। न केवल वर्दीधारी बेटी बल्कि आम बेटी के लिए भी इस प्रकार की टिप्पणी करने वाले के खिलाफ महिला आयोग कठोर कार्रवाई करेगा। रेनू भाटिया ने कहा कि उनका सोशल अकाउंट चेक करवाया गया है।

#### रजिस्ट्रार और वीसी को दिया एक सप्ताह का समय



रेणू भाटिया ने बताया कि 14 मई को एसोसिएट प्रोफेसर पेश नहीं हुए थे। वीरवार को वें अशोका यूनिवर्सिटी पहुंची और वहां पर वाइस चांसलर, रजिस्ट्रार को प्रोफेसर को पेश करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। रेनू भाटिया ने कहा है कि 23 तारीख को पंचकूला में प्रोफेसर को पेश होने के लिए समय दिया गया है। अगर नहीं पेश हुए तो आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। रेनू भाटिया ने कहा है कि आज यूनिवर्सिटी में पहुंचने से पहले उन्हें उम्मीद थी कि प्रोफेसर मामले को लेकर अपनी गलती स्वीकार करेगा। लेकिन पूरे मामले को लेकर अभी तक यूनिवर्सिटी प्रशासन प्रोफेसर को बचाने में लगा हुआ है।

#### प्रोटोकॉल के तहत उपलब्ध नहीं करवाई सुरक्षा

रेनू भाटिया ने कहा है कि आज अशोका यूनिवर्सिटी में पहुंचने के दौरान पुलिस से प्रशासन की लापरवाही के चलते ढाई घंटे लेट हुआ। उन्होंने कहा है कि यूनिवर्सिटी में पहुंचने का 11 बजे समय निर्धारित किया गया था लेकिन वह 1:30 बजे पहुंचे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रोटोकॉल के तहत सिक्योरिटी नहीं मिली और वही महिला एसएचओ सुरक्षा के लिए नहीं दी गई। लेकिन बाद में डीजी ऑफिस से फोन करके उन्होंने सिक्योरिटी मिली है। उन्होंने सवाल खड़े करते हुए यह भी कहा है कि अशोका यूनिवर्सिटी के मामले में पुलिस ने ऐसा रवैया क्यों रखा है यह सोचने का विषय है। उन्होंने कहा है कि प्रोटोकॉल के तहत एसीपी को भेजा जाना था एसएचओ को भेजा गया। पुलिस के रवैया को लेकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की है।

---

## अशोका विवि में अफीम की खेती का मामला तत्कालीन सीआईए इंचार्ज को जेल भेजा

- सीआईए इंचार्ज पर विवि प्रबंधन से रिश्वत मांगने का आरोप, एसआईटी ने जांच कर गिरफ्तार किया
- वकील के माध्यम से रिश्वत के रुपये देने का हुआ प्रयास बाद में वकील ने रुपये वापस लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, राई में स्थित वल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन में फूलों के बीच उगाई गई अफीम के मामले में नया मोड़ सामने आया है। इस मामले में तत्कालीन सीआईए इंचार्ज पर विश्वविद्यालय प्रबंधन से रिश्वत मांगने के आरोप के बाद एसआईटी ने जांच कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि रुपये लेने के लिए एक अधिवक्ता को माध्यम बनाया था, लेकिन बाद में वकील ने राशि वापस लौटा दी। आरोपी के खिलाफ राई थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया है। सीआईए-1 में नियुक्त एएसआई सुरेंद्र की टीम ने 27 मार्च को राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, राई स्थित वल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन में अफीम के पौधे उगाने का भंडाफोड़ किया था। पुलिस ने माली उत्तर प्रदेश के जिला सुल्तानपुर के गांव मेघमऊ निवासी संतलाल को गिरफ्तार कर 39 किलो 750 ग्राम वजन के पौधे बरामद किए थे। जांच में सामने आया था कि अफीम के बीज दिल्ली से मंगवाए गए थे। संतलाल के रिमांड के दौरान विवि के प्रशासनिक अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा का नाम सामने आया तो वह भूमिगत हो गया। क्राइम यूनिट-1 की टीम लगातार उसकी तलाश कर रही थी। उसकी लोकेशन पंजाब की मिली थी। इसको लेकर इंस्पेक्टर तेजराम ने विवि प्रबंधन पर आरोपी धर्मेंद्र मिश्रा को आश्रय देने के आरोप लगाया और मामले में दबाव बनाकर 15 लाख की मांग की। पैसे देने के लिए अधिवक्ता को माध्यम बनाया गया।

#### एसआईटी का गठन किया

संवेदनशील प्रकरण में जांच के लिए डीसीपी प्रबिना पी की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया गया। 5 अप्रैल को गठित एसआईटी में एसीपी अजीत और एसीपी निधि नैन, सीआईए कुंडली प्रभारी जितेंद्र व साइबर सेल प्रभारी को शामिल किया गया था। एसआईटी ने जांच के बाद आरोपी इंस्पेक्टर तेजराम पर 8 मई को राई थाना में मुकदमा दर्ज कराया। एसीपी अजीत सिंह की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करने के बाद एसीपी निधि नैन की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों का कहना है कि राशि को अधिवक्ता ने वापस लौटा दिया था।

#### जांच की जा रही

मामले में जांच जारी है। हर पहलू पर गहनता से जांच कर तथ्य जुटाए जा रहे हैं। तथ्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

*- निधि नैन, एसीपी गोहाना एवं जांच अधिकारी*

## खबर संक्षेप

### पीएस पब्लिक स्कूल में सम्मान में समारोह




**गन्नौर।** पीएस पब्लिक स्कूल भूरी का सीबीएसई द्वारा घोषित बाहरवीं व दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा। बेहतर परिणाम के उपलक्ष्य में स्कूल में छात्रों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्कूल के निदेशक संजीव कौशिक, प्रधानाचार्य नवीन कौशिक व शिक्षकों ने मेधावी छात्रों को फूलमालाओं से स्वागत किया। निदेशक संजीव कौशिक ने मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### टीकाकरण तथा साफ सफाई के फायदे बताए



**सोनीपत।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़खालसा के अंतर्गत आने वाले गांव मनौली भैरा बांकीपुर व कुंडली में चिकित्सा अधिकारी डा. अन्विता कौशिक के मार्गदर्शन में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन किया । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जखोली से दंत चिकित्सक डा. अनु ने लोगों को बीपी,शुगर से होने वाले नुकसानों तथा इससे बचाव के लिए समय पर जांचों के बारे में बताया। राजेश कुमार ने बच्चों व गर्भवती के लिए जल्दी पंजीकरण, टीकाकरण तथा साफ सफाई के फायदे बताए।

### दो से आठ तक आयोजित किए जाएंगे शिविर



**सोनीपत।** आर्य वीरांगना दल सोनीपत द्वारा 2 जून से 8 जून तक बालिकाओं के लिए शिविर का आयोजन हिन्दू कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया जा रहा है। इस संबंध में बैठक का आयोजन आर्य समाज सैक्टर 14 में किया गया। बैठक के आरंभ में स्वर्गीय दयालचंद को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वैदिक प्रवक्ता हरिचंद स्नेही ने उनके संस्मरण बताए। आर्य वीरांगना दल की जिला संचालिका के रुप में पूनम के नाम की घोषणा की गई।

### जिम्मेदार ठहराने पर नीमा ने जताया विरोध



**राई।** हरियाणा में घटते लिंगानुपात को लेकर स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक ने बीएएमएस (बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी) चिकित्सकों को जिम्मेदार ठहराए जाने के बाद चिकित्सकों में भारी आक्रोश है। अधिकारियों ने बीएएमएस पर आरोप लगाया कि कुछ आयुर्वेदिक चिकित्सक अवैध रूप से भ्रूण लिंग जांच और गर्भपात में संलिप्त हैं, जिससे कन्या भ्रूण हत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं और लिंगानुपात गिर रहा है। ब्यान को लेकर नेशनल इंटीग्रेटेड मैडिकल एसोसिएशन (नीमा) के जिलाध्यक्ष डा. मनोज राय के नेतृत्व में जिले के समस्त निमा की तरफ विरोध जताया है।

### टग आफ वार में प्राप्त किया अव्वल स्थान



**खरखौदा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि मटिंडू के एनसीसी कैडेट्स ने आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर, जो गेटवे इंटरनेशनल स्कूल सोनीपत में एक मई से दस मई तक आयोजित किया गया, में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के एनसीसी अधिकारी नरसिंह दहिया व प्राचार्य प्रमोद कुमार ने सभी एनसीसी कैडेट्स को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस शिविर में विद्यालय के 53 कैडेट्स ने भाग लिया था।

## सेना के शौर्य के सम्मान में उमड़ा सोनीपत

# भारतीय सेना ने विश्वस्तर पर देश के गौरव को बढ़ाया : डॉ. सतीश पूनिया

### आपरेशन सिंदूर भारत की सुरक्षा और गौरव का प्रतीक : बड़ौली

**भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेनाओं के शौर्य के सम्मान में गुरुवार को सोनीपत लोकसभा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा में जय हिंद, भारत माता की जय और प्रधानमंत्री मोदी जिंदाबाद के खूब नारे लगाए। यह तिरंगा यात्रा सोनीपत में सुभाष चौक से शुरू हुई जो गीता भवन चौक होते हुए अंबेडकर पार्क पहुंची। तिरंगा यात्रा में मंत्री, विधायक, भाजपा और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं, गणमान्य लोगों समेत पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने भारत की सेना के पराक्रम को सलाम करते कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और भारतीय सेना के पराक्रम ने 'ऑप्रेशन सिंदूर' के तहत आतंकवादियों के हौसलों को पस्त किया है और विश्वस्तर पर भारत के गौरव को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का यह नया भारत है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि देश की सुरक्षा और गौरव के प्रतीक "ऑप्रेशन सिंदूर" की सफलता के बाद देशभर में देशभक्ति की भावना चरम पर है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ यात्रा नहीं, यह हमेशा अपने वीरों के साथ खड़े रहने का संकल्प है। तिरंगा यात्रा में मंत्री, विधायक, भाजपा और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं, गणमान्य लोगों समेत पूर्व सैनिकों ने भाग लिया।



**सोनीपत।** तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, विधायक व तिरंगा यात्रा में शामिल भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, गन्नौर व राई के विधायक।



**ये रहे मौजूद**

तिरंगा यात्रा में विधानसभा डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा, विधायक निखिल मदान, विधायक कृष्णा गहलावत, विधायक देवेंद्र कादयान, विधायक पवन खरखौदा, मेयर राजीव जैन, जिला प्रभारी सतीश नांदल, सोनीपत जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, गोहाना के जिला अध्यक्ष विजेंद्र मलिक, मीडिया प्रभारी नीरज आत्रे, पूर्व जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा, हरिओम शर्मा, देवेन्द्र कौशिक, माईराम कौशिक, ललित बत्रा, आजाद नेहरा, योगेश्वर दत्त, रविन्द्र दिलावर, योगेशपाल अरोड़ा, तरूण देवीदास, नवीन मंगला आदि मौजूद रहे।



**गोहाना।** तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश।

## ये बदलता भारत जो आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा : वीसी

- ऑपरेशन सिंदूर : शहीद सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) खानपुर कलां में गुरुवार को छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग द्वारा ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का नेतृत्व विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने किया। इस यात्रा में विवि के अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर शहीद सैनिकों को नमन किया।

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि यह बदलता भारत है जो आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य आतंकवाद मुक्त और भय मुक्त भारत का है। अब भारत में आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू है। प्रो. सुदेश ने कहा कि पहलगाम में हुए नरसंहार के बदले भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर का चलाना नारियों के लिए सम्मान की बात है। ऑपरेशन को महिला सैनी व्योमिका सिंह और सोफिया कुरैशी ने लीड किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह हमारी सेना देश की रक्षा करती है, हमें भी समाज में रहकर सेना के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए। यात्रा में कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, छात्रा कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह, निदेशक युथ वेलफेयर डॉ. सुषमा जोशी, एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ. बबिता व सैकड़ों की संख्या में छात्राएं शामिल रहीं।

## आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित सिविल डिफेंस वालेंटियर्स की भूमिका महत्वपूर्णः अंकिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

आपदा प्रबंधन प्रणाली को मजबूत बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को गांव आहुलाना स्थित चौ. देवीलाल चीनी मिल में सिविल डिफेंस वालेंटियर्स के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर भारत सरकार द्वारा निर्धारित आपदा रिस्पॉन्स मॉड्यूल के अनुरूप आयोजित किया गया। शिविर में प्रतिभागियों को तकनीकी और व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मिल की एमडी अंकिता वर्मा ने कहा कि आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित सिविल डिफेंस वालेंटियर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इन शिविरों का उद्देश्य वालेंटियर्स को व्यावहारिक रूप से दक्ष बनाना होता है ताकि संकट के समय वे खुद की व दूसरों की सुरक्षा कर सकें। शिविर में वालंटियर्स को अग्निशमन यंत्रों के संचालन, प्राथमिक उपचार, धुएं से बचाव, सुरक्षित दरवाजे खोलना और फायर अलार्म सिस्टम की जानकारी दी गई। शिविर में सीएओ जितेंद्र शर्मा, गन्ना प्रबंधक मनजीत दहिया, एसएसएम धन्नी राम शर्मा, सीडीओ महावीर शर्मा, चीफ इंजीनियर अनिल आदि मौजूद रहे।



प्रतिभागियों को संबोधित करते एमडी अंकिता वर्मा, साथ अधिकारीगण।

## सेना के पराक्रम से विश्व अचंभितः गहलावत

### विधायक ने तिरंगा यात्रा में शामिल हो भारतीयों के पराक्रम को किया नमन

- सेना के सम्मान में और उनके पराक्रम को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकाली जा रही हैं तिरंगा यात्राएं : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई की विधायक कृष्णा गहलावत के नेतृत्व में रेनू विद्या मंदिर बहालगढ़ से लिवासपुर तक निकाली गई। तिरंगा यात्रा में शामिल होकर विधायक कृष्णा गहलावत ने भारतीय सेना के पराक्रम को नमन किया। गहलावत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल और सशक्त नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दिया है। दुनिया भर के सभी देशों ने भारतीय सेना के पराक्रम का लोहा माना है। ऐसे में भारतीय सेना का जितना सम्मान और प्रशंसा की जाए, उतनी कम है। भारतीय सेना के सम्मान में देशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रहीं हैं, जिनका मकसद सेना के शौर्य और पराक्रम की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुंचाना है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा पुनीत राई, भाजपा नेता मास्टर सतनारायण अंतिल, जजाखैली मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल, युवा नेता अनिल अंतिल, योगेश जठेड़ी सरपंच, अंजलि बजाज, किरण बाला, सारिका कालरा, शीलू मेहन्दीपूर, अमरजीत, राजेश सरपंच बहालगढ़, संजीत सबोली, नन्द किशोर चौहान आदि उपस्थित रहे।



**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत के नेतृत्व में तिंरगा यात्रा निकालते हुए, साथ में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता। *फोटो :हरिभूमि*



**गोहाना।** टॉपर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते एमडी निर्मल लाठर व प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा। *फोटो : हरिभूमि*

### ओम पब्लिक स्कूल में टॉपर्स को किया सम्मानित

**गोहाना।** गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल ने गुरुवार को सीबीएसई कक्षा 10वीं व कक्षा 12वीं की परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 71 मेधावियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। मार्गदर्शन स्कूल की एमडी निर्मल लाठर का रहा। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने की और संयोजन उप प्राचार्या रेखा बजाज का रहा। 12वीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय के छात्र विजय कुमार ने 97.6 प्रतिशत अंक लेकर जिले में टॉप किया। मेडिकल स्ट्रीम में शौर्य ने जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में टिंकी ने 96.2 प्रतिशत और वाणिज्य संकाय में कौशल ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। परीक्षा में छह विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 29 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। कक्षा 10वीं की परीक्षा में नैतिक मलिक ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर रहे। समारोह के कक्षा 12वीं से आयुषी, स्वाति, तनिष्क, स्नेहा, अर्पिता, तनिष्का, शगुन, रक्षित, निशु, कुनाल, निहारिका, गौरव, अन्नु, जियाा, दीप्ति, प्रियंका, जैनिका, जतिन, प्राची, तनिष और कक्षा 10वीं से मुस्कान, अवनि, समायरा, गरिमा, अंशिका, जानवी, अंकुश, अंशिका, भूमिका, निति, सारिका, नितिश, पीयूष, जयंत, स्पर्श, अभि, वंशिका, तरुण, प्रिंस, पूर्वा, कनिका, वंशिका, निधि, यश, इशिता, दीक्षांत और दृष्टि सहित अन्य मेधावी सम्मानित हुए।

## बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल का दसवीं व बाहरवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जीटी रोड स्थित बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं व बाहरवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने बताया कि बाहरवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में स्कूल की छात्रा मान्या ने 500 में से 472 अंक 94.40 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान, द्वितीय नेहा ने 453 अंक 90.60 प्रतिशत, तृतीय स्थान कनिष्का ने 444 अंक 88.80 प्रतिशत लेकर तृतीय सथान प्राप्त किया। दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में मिष्टी ने 500 में से 481 अंक लेकर 96.20 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, द्वितीय परिकाशी ने 460 अंक 92 प्रतिशत, तृतीय स्थान विशु ने 451 अंक 90.20 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस सफलता का श्रेय स्कूल के प्रधानाचार्य जयभारत गुप्ता ने स्कूल के मेहनती शिक्षकों को दिया। उन्होंने बताया कि स्कूल का हर साल बाहरवीं व दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बेहतर रहता है। यह विद्यालय के लिए बड़े गर्व की बात है।



बाल भवन स्कूल के मेधावी छात्र स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता के साथ।

**मार्केट न्यूज**

### आऊटरीच कार्यक्रम में 15 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र ग्राहकों को वितरित किए




**सोनीपत।** पंजाब नेशनल बैंक, मंडल कार्यालय पानीपत के तत्वधान में ग्राहक आउटरीच कार्यक्रम महाराजा अग्रसेन भवन, सेक्टर 14 आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर निगम मेयर राजीव जैन ने किया। जैन का कार्यक्रम में पहुंचने पर बैंक के एमसीसी सोनीपत के प्रमुख सुनील गोयल ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया। राजीव जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बैंक ग्राहक के दरवाजे पर आकार लोगों को ऋण वितरित करता है। बहुत ही सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि रिटेल लोन से लोगों का जीवन स्तर उठता है और देश की अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान होता है। उनके अनुसर कोरोना काल के बाद बैंक द्वार दिए गए हैं, ऐसे ऋण वितरण से देश की अर्थव्यवस्था को सुव्यवस्थित करने में बड़ी मदद मिली है। पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख अभय कुमार ने कहा कि बैंक द्वारा ऐसे प्रोग्राम हर महीने किया करेगा। बैंक में लोन की प्रोसेसिंग सबसे कम समय में करके दी जाती है और पंजाब नेशनल बैंक की ब्याज दर बैंकिंग उद्योग में बहुत अधिक प्रतिस्पर्धा में हाउसिंग लोन 7.95 से शुरू होता है।

**समस्या** विधायक ने तुरंत सुपर सकर मशीन मंगवाकर जमा पानी की सफाई करवाई

# नपा प्रशासन को पांची रोड पर पाइप लाइन बिछाने का काम15 दिन में पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

पांची रोड पर गंदे पानी की निकासी बंद होने से सड़क पर पानी भर गया है। इससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को परेशानी हो रही है। मामला गंभीर होने पर विधायक देवेंद्र कादियान ने नगरपालिका अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि अगवानपुर फाटक पर रेलवे पुल का निर्माण चल रहा है। वहां खुदाई के कारण नाले की निकासी बाधित हो गई है। पुल निर्माण कंपनी ने 3 से 4 दिन में काम पूरा करने की बात कही है। विधायक कादियान ने तुरंत सुपर सकर मशीन मंगवाकर पांची रोड पर जमा पानी की सफाई शुरू करवाई। साथ ही स्ट्रॉम वाटर सिवरेज की सफाई का काम भी चालू कराया। उन्होंने नगरपालिका प्रशासन को निर्देश दिए कि पांची रोड पर पाइप लाइन बिछाने का काम 15 दिन में पूरा करें। इस दौरान स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याएं विधायक को बताईं। विधायक ने समाधान का भरोसा दिलाया। विधायक ने बताया कि बरसाती पानी की निकासी के लिए गढ़ी झंझारा रोड से सीवर लाइन बिछाई गई है।



विधायक देवेंद्र कादियान ने नगरपालिका अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए।

**ये रहे मौजूद**

यह लाइन पांची रोड से होकर सीधे एसटीपी तक जाएगी। अधिकतर काम पूरा हो चुका है। जो हिस्सा अधूरा है, उसे 15 दिन में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मानसून में जलभराव न हो, इसके लिए सफाई और निकासी का काम तेज किया गया है। निरीक्षण के समय नपा सचिव प्रदीप खर्ब, जेई सचिन धीमान और नेत्रपाल मौजूद रहे।



**राई।** करियर काउंसलिंग सत्र के दौरान सवाल पूछते स्कूल के छात्र ।

### करियर काउंसलिंग का आयोजन किया

राई। स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता कैरियर गाइडेंस इंडिया की निदेशिका प्रवीन मल्होत्रा रही। संवादात्मक सत्र में छात्रों ने निकट भविष्य में करियर की संभावनाओं, भविष्य के लिए तैयारी और विविध आयामों को जाना एवं समझा। मल्होत्रा के गतिशील दृष्टिकोण, वास्तविक जीवन की अंतर्दृष्टि और आकर्षक कहानियों ने एक ओर जहाँ छात्रों को प्रेरित किया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लाठ में पंचायत भूमि रकबा 33 एकड़ 5 कनाल 19 मरले को कृषि कार्य हेतु वर्ष 2025-26 के लिए खंड कार्यालय गोहाना में दिनांक 20.05.2025 को प्रातः 10 बजे खुली बोली की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति मौके पर उपस्थित होकर व जमानत राशि भरकर बोली में भाग ले सकता है। नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत लाठ
तहसील गोहाना (सोनीपत)

# GEETANJALI SR. SEC. SCHOOL

Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (Affiliation No. 531181) (Only Girls Wing)
VPO BARWASNI, HULLAHERI MOR, GOHANA ROAD, SONIPAT


GURU SADAN

## ADMISSION OPEN

Session 2025-26 | PP1 to & XII

Safe & Secure Girls Hostel

With the Blessing of Baba Bhola Das

Late Sh. Narender Sura
Founder Chairman
of Guru Sadan

Congratulations Students, Teachers & Parents



मेरी बेटियाँ
मेरा अभिमान,
इनको उड़ान का
मौका तो दीजिए
फिर देखिए इनके
पंख और हौसलों
की उड़ान...

**CLASS- X**

Total No. of Students- 114
Total merit- 59

| SUBJECT | MARKS |
|---|---|
| ENGLISH | 94 |
| HINDI | 95 |
| MATHS | 94 |
| SCIENCE | 95 |
| SOCIAL SC. | 95 |
| RETAIL | 100 |

**CLASS- XII**

Total No. of Students- 64
Total merit- 40

| SUBJECT | MARKS |
|---|---|
| ENGLISH | 95 |
| HINDI | 100 |
| GEOGRAPHY | 100 |
| POL. SC. | 100 |
| PHYSICAL EDU. | 100 |
| MATHS | 92 |
| PHYSICS | 95 |
| CHEMISTRY | 95 |
| BIOLOGY | 98 |
| ACCOUNT | 97 |
| ECONOMICS | 98 |
| BUSINESS STD. | 94 |

शिक्षा के क्षेत्र में नये–नये कीर्तिमान स्थापित करने की ओर अग्रसर गीतांजलि स्कूल की छात्राएं

MOB-7082104041, 9896999340, 9996789715, 12
Email: geetanjalischool.hr@gmail.com, rural.hr@gmail.com | website: www.geetanjalischool.com

# THE SPRING ERA PUBLIC SCHOOL

(Affiliated to CBSE, New Delhi) | A Co-Educational Sr. Sec. School

Well experienced & Qualified Teachers | 50% Fee Concession for Army Person | Reasonable Transport Charges

Celebrating Academic Excellence in CBSE Board Results !!

100% CBSE Result in Class X & XII

Congratulations

Volleyball, Kho-Kho Kabaddi, Cricket & Many More Games

**Class12th Achievers**

1st Shreya 96%
2nd Isha 93%
3rd Nitin 92%
Samiksha 87%
Lavanya 87%
Lakshita 86.6%
Tanisha 85%
Nandini 83.2%
Hunny 82.4%
Shorya 81.2%
Komal 80%



**Class10th Shining Stars**

1st Mehak 95.2%
2nd Kirtika 91.6%
2nd Satvik 91.6%
3rd Himanshi 91.4%
Nikita 90%
Kush 89.2%
Diksha 88.8%
Suryansh 88.4%
Jaideep 87.6%
Aarti 86.2%
Kajal 86.2%
Jiya 86%
Bhumika 85%
Sakshi 85%
Mansi 83.4%
Ritika 83%
Kanak 82.4%
Harshit 81.6%
Tanisha 81%

DISTINCTIVE FEATURES
- 100% English Spoken Environment
- Learning by Doing Methodology
- Affordable Fee Structure
- Stress on Concept Clarity

## ADMISSION OPEN
FOR PP-1 TO 9TH & 11TH CLASS

V.P.O. ULDEPUR (THARU), TEHSIL & DISTRICT, SONIPAT
81990-64241, 88149-71931, 79882-52181

# SWARNPRASTHA PUBLIC SCHOOL, SONEPAT

SPS SWARNPRASTHA PUBLIC SCHOOL SONEPAT — SPARSH GROUP INITIATIVE

A SPARSH GROUP INITIATIVE

Evolve Beyond the Ordinary

QCI NABET ACCREDITED

RANKED NO. 1 — Times School Survey — Among the boys residential school in Haryana

## SCHOOL TOPPERS - CLASS X

ASMI 98.4%
VARNIKA GUPTA 97.8%
NIMISHA MOR 97.4%
ATHARV MANGLA 97.2%
AKSHARA GUPTA 97%
TEJAS ANTIL 97%
PRISHA PATRA 96.8%
KANIKA TULI 96.4%
VARENYA GUPTA 96.2%
RISHABH SHARMA 96.2%
CHAHAK LOHCHAB 96.2%
BHUMIT DAHIYA 96%
ARNAVI CHAUHAN 95.8%
SAKSHAM 95.6%
LISHANIKA 95.4%
AKSHITA JAIN 95.2%
MUKUL GARG 94.8%
ANIKET MALIK 94.6%
EKANSH MANIKTALA 94.6%
VATAN NATH 94.2%
PRANAV TANEJA 94%

| TOTAL NUMBER OF STUDENTS | PASSED | AVERAGE PERCENTAGE OF SCHOOL | STUDENT WHO SCORED 90% AND ABOVE | STUDENTS WHO SCORED 80% AND ABOVE | STUDENTS WHO SCORED 75% AND ABOVE |
|---|---|---|---|---|---|
| 109 | 109 | 83.19% | 42 (38.53%) | 71 (65.13%) | 82 (75.22%) |

## SCHOOL TOPPERS - CLASS XII

DYUTI TYAGI 96.6%
DIVYANSHI RATHEE 96.6%
CHEHAK GUPTA 95.6%
MANYA BHATIA 95.4%
TEJAS DHAWAN 95.2%
SAHIBA KHATRI 95%
VANSHIKA KATARIA 92%
PRACHI KANYAL 91.8%
SANJANA 91.4%
VIDHI 91.2%
SHREYA GUPTA 91%
SAACHI 90.8%
ZOYA 90.6%

INTEGRATED SYNCHRO PROGRAMME FOR ADVANCED PREPARATION OF NEET/JEE

- Builds a strong foundation for success in JEE, NEET, Olympiads, IOQM...
- The programme will be held within the School timings
- Scholarships for meritorious students

KNOWLEDGE PARTNER: SPARSH ACADEMY — EVOLVE BEYOND THE ORDINARY

ADMISSIONS OPEN — LIMITED SEATS AVAILABLE
SCIENCE, COMMERCE, HUMANITIES
UPTO 100% SCHOLARSHIP AVAILABLE FOR MERITORIOUS STUDENTS

7669933469
www.swarnprastha.com
admission@swarnprastha.com
Sector-19, Near Omaxe City, Sonepat-131021, Haryana (Delhi/NCR)